मुझे नहीं पता कि इसका प्रमुख कारण क्या था। लेकिन अजीत अगरकर को जानते हुए, वह एक मजबूत शखस्यित हैं और कड़े फैसले लेने से कतराते नहीं हैं। – मनोज तिवारी

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, गौतम गंभीर को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — अमन मोखाड़े

24 साल के विदर्भ के ओपनर अमन मोखाड़े के लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का इतिहास रचने के बाद क्रिकेट की दुनिया में हलचल मच गई है। सिर्फ़ 16 इनिंग्स में यह उपलब्धि हासिल करते हुए, मोखाड़े ने देवदत्त पडिक्कल और अभिनव मुकुंद के 17 इनिंग्स के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस उपलब्धि ने साउथ अफ्रीकी लीजेंड ग्रीम पोलक के लंबे समय से चले आ रहे वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली, जिससे न सिर्फ़ भारत में बल्कि दुनिया भर के क्रिकेट फ़ैन्स में उत्साह पैदा हो गया।

क्या आप जानते हैं ?... एक टेस्ट मैच में 19 विकेट लेकर जिम लेकर ने अपने नाम विश्व रिकॉर्ड वर्षों पहले दर्ज किया था। जो आज तक कोई भी गेंदबाज नहीं तोड़ सका है।

इंदौर एक दिवसीय मैच में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी बादशाहत की जंग

इंदौर, 17 जनवरी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में बादशाहत की जंग देखने को मिलेगी। जहां मेहमान टीम लगभग दो दशकों के बाद भारतीय धरती पर एक दुर्लभ वनडे सीरीज जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। वहीं भारत घरेलू रिकार्ड को कायम रखते आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा।

होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के भारत दौरे के तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को कायम रखते हुए आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। भारतीय टीम पिछले 20 सालों में घरेलू जमीं पर न्यूजीलैंड से एक भी वनडे सीरीज नहीं हारी है और इस मैदान पर उसका रिकॉर्ड 7-0 का रहा है।

भारत दूसरे वनडे में राजकोट में सात विकेट से हार के बाद इस मुकाबले में उतर रहा है, जहां केएल राहुल (112) के जुझारू नाबाद शतक और कप्तान शुभमन गिल (56) के शानदार अर्धशतक के बावजूद, उन्हें अच्छी बल्लेबाजी पिच पर 284 रन पर सात विकेट पर रोक दिया गया था। यह स्कोर अपर्याप्त साबित हुआ। न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर इसे आसानी से हासिल कर लिया। डैरिल मिशेल ने ब्लैक कैप्स के लिए शानदार नाबाद 131 रन बनाए, और विल यंग (87) के साथ मिलकर 162 रनों की निर्णायक साझेदारी की। मिशेल इस सीरीज में न्यूजीलैंड के सबसे शानदार खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 215 रन बनाए हैं, जबकि राहुल 141 रनों के साथ भारत के बल्लेबाजी चार्ट में सबसे ऊपर हैं।

भारत की गेंदबाजी, खासकर स्पिन विभाग, महत्वपूर्ण चरणों में रन देने के बाद सवालों के घेरे में आ गई है। कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा, जबकि अर्शदीप सिंह को शामिल करने से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ एक बहुत जरूरी स्विंग विकल्प मिल सकता है।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड पिछले मैच में अपनी अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन से उत्साहित होगा, जिसका नेतृत्व क्रिस्टियन क्लार्क ने किया, जिन्होंने बीच के ओवरों में तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। हालांकि मेहमान टीम डेथ ओवरों में थोड़ी महंगी साबित हुई है, लेकिन उनके समग्र प्रदर्शन ने उन्हें भारत में एक दुर्लभ सीरीज जीतने का वास्तविक मौका दिया है। होलकर क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जिसमें छोटी बाउंड्री और वनडे में पहली पारी का औसत स्कोर 316 है। हालांकि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को सफलता मिली है, लेकिन हाल के मैचों से पता चलता है कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को फायदा होता है। इस लिये यहां टॉस बहुत महत्वपूर्ण जाता है। टॉस जीतने वाली टीम के पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने की उम्मीद है।

भारत निर्णायक मैच में पसंदीदा बना हुआ है, उसे अपने घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन और 78 प्रतिशत जीत की संभावना का समर्थन प्राप्त है, जबकि न्यूजीलैंड की जीत की संभावना 22 प्रतिशत है। जीत से मेजबान टीम 2-1 से सीरीज जीत जाएगी, जबकि न्यूजीलैंड इतिहास बदलने और एक यादगार जीत दर्ज करने की उम्मीद करेगा।

यूपी वॉरियर्ज ने मुंबई इंडियंस को 22 रनों से हराया

नवीं मुम्बई 17 जनवरी। कप्तान मेग लानिंग (70) और फीबी लिचफील्ड (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने शनिवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 10वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 22 रनों से जीत दर्ज की। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने यूपी वॉरियर्ज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 69 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिये। सजीवन सजना (10), हेली मैथ्यूज (13), नेट साइवर ब्रंट (15), निकोला कैरी (छह) और कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद एमेलिया केर और अमनजोत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठें विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में शिखा पांडे ने अमनजोत कौर 24 गेंदों में 41रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुम्बई इंडियंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी और 22 रनों से मुकाबला हार गई। एमेलिया केर 28 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रही। जी कमालिनी ने नाबाद नौ रन बनाये। यूपी वॉरियर्ज के लिए शिखा पांडे ने दो विकेट लिये। क्रांति गौड़, सोफी एकल्सटन, दीप्ति शर्मा और क्लोई ट्राइऑन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां इससे पहले यूपी वॉरियर्ज ने आठ विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में किरण नवगिरे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी फीबी लिचफील्ड ने मेग लानिंग के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में अमनजोत कौर ने फीबी लिचफील्ड को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। फीबी लिचफील्ड ने 37 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 61 रन बनाये।अगले ही ओवर में हेली मैथ्यूज ने मेग लानिंग को अपना शिकार बना लिया। मेग लानिंग ने 45 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के लगाते हुए 70 रनों की पारी खेली। मुम्बई इंडियंस के गेंदबाजों ने आखिरी दो ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए यूपी वॉरियर्ज को रन बनाने से रोका और विकेट भी झटके। हरलीन देओल ने 16 गेंदों में (25) और क्लोई ट्राइऑन ने 13 गेंदों में 21 रन बनाये। श्वेता सहरावत (शून्य) और सोफी एकल्सटन (एक) रन बनाकर आउट हुयी। पारी की आखिरी गेंद पर एमेलिया केर ने दीप्ति शर्मा (शून्य) को आउटकर 187 रन के स्कोर पर मुम्बई इंडियंस के लिए आठवां विकेट झटका। मुम्बई इंडियंस के लिए एमेलिया केर को तीन विकेट मिले। नेट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। निकोला कैरी, हेली मैथ्यूज और अमनजोत कौर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

शतरंज : जयपुर के ओजस जोशी ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

जयपुर, 17 जनवरी। पिंक सिटी के युवा शतरंज खिलाड़ी ओजस जोशी, जो कि पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 के छात्र हैं, ने रांची में आयोजित -14 शतरंज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में ओजस जोशी की कप्तानी में केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, जिला एवं राज्य का नाम रोशन किया। ओजस जोशी के जयपुर आगमन पर जिला शतरंज संघ एवं पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय खेल प्राधिकरण ने 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये

नई दिल्ली, 17 जनवरी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों की खाली जगहों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन मांगे हैं। इन सहायक कोचों को देश भर के अलग-अलग क्षेत्रीय और नेशनल सेंटर्स ऑफ़ एक्सीलेंस या प्रशिक्षण केंद्रो पर नियुक्त किया जायेगा। उन्हें लेवल 6 - 35400-112400/- रुपये पे बैंड (9300-34800/- रुपये ग्रेड पे 4200/- रुपये) के अनुसार सैलरी और भत्ते मिलेंगे। जिन खेलों में सहायक कोचों की आवश्यकता है, वे इस प्रकार हैं:- एथलेटिक्स में (28 पद), तीरंदाजी (12), बैडमिंटन (16), बास्केटबॉल (12), मुक्केबाजी (19), कैनोइंग (7), साइकिलिंग (12), तलवारबाजी (11), फील्ड हॉकी (13), फुटबॉल (12), जिमनास्टिक (12), हैंडबॉल (6), जूडो (6), कबड्डी (6), खो खो (2), रोइंग (11), सेपक टकरा (3), शूटिंग (28), तैराकी (26), टेबल टेनिस (14), ताइक्वांडो (11), टेनिस (8), वॉलीबॉल (10), भारोत्तोलन (10), कुश्ती (22) और वुशू में (छह) पद। ये पदों के योग्य उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ मिलेगा, महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षित है। प्रत्येक पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 साल है और इस पद के लिए जरूरी योग्यता साई एनएसएनआईएस, पटियाला या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी यूनिवर्सिटी से कोचिंग में डिप्लोमा या उसके बराबर की डिग्री या ओलंपिक / पैरालंपिक्स / एशियन गेम्स / वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोचिंग में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ हिस्सा लेना या उस खास डिसिप्लिन में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता होना अनिवार्य है।

जिम्बाब्वे ने टी-20 विश्वकप 2026 से पहले कर्टनी वॉल्श को सलाहकार किया नियुक्त

हरारे, 17 जनवरी। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आगामी टी-20 विश्वकप से अपने सहयोगी स्टाफ के रूप में वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श को सलाहकार नियुक्त किया है। उपमहाद्वीप में खेलने का काफी अनुभव रखने वाले वॉल्श ने इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक चलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और श्रीलंका के साथ है। जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट में वापसी कर रहा है, क्योंकि वह 2023 में अफ्रीका क्वालिफायर के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद 2024 के संस्करण में हिस्सा नहीं ले पाया था। हालांकि, इस बार उसने नामीबिया के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप अफ्रीका क्वालिफायर 2025 के जरिए क्वालीफाई किया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह नियुक्ति वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम की तकनीकी गहराई को मजबूत करने के मकसद से की गई है।

पुणे जीटी 2026 जैसी स्पर्धा भारत में साइकिलिंग की लोकप्रियता बढ़ा सकती है : सूर्या रमेश थाथू

पटियाला, 17 जनवरी। भारत के सबसे जाने-माने साइकिलिस्ट में से एक सूर्या रमेश थाथू का मानना है कि बजाज पुणे ग्रैंड टूर जैसी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा की मेजबानी करने से देश में इस खेल की लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। फिलहाल पटियाला में आने वाले बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 की तैयारी कर रहे सूर्या ने साइकिलिंग को ज़्यादा पहचान दिलाने के लिए भारत में हर साल इसी स्टैंडर्ड की दो से तीन हाई-क्वालिटी रेस की मेजबानी करने की जरूरत पर बल दिया।

अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हराया

विंडहोक, 16 जनवरी। फैसल शिनोजादा (82), खालिद अहमदजई (73) और उजैरउल्लाह नियाजी (नाबाद 51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के छठे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया।

267 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 49 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। अदनान लागादीन (10), जोरिच वान शल्कविक (आठ) और कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (17) रन बनाकर आउट हुये। जेसन रोल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 93 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 98 रनों की पारी खेली। जेसन रोल्स छठे विकेट के रूप में आउट हुये। इसके बाद अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के आगे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। , अरमान मनैक (15), पॉल जेम्स (चार), लेथाबो फाहलामोहलाका (22), कॉर्न बोथा (25), डैनियल बोसमैन (20), जेजे बैसन (शून्य) पर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 47.4 ओवरों में 238 रन ही बना सकी और 28 रनों से मुकाबला हार गई।

अफगानिस्तान के लिए अब्दुल अजीज और खतिर स्टानिकजई ने दो-दो विकेट लिये। नूरिस्तानी उमरजई, हाफिज जादरान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान ने आठवें ओवर में उस्मान सदात (चार) का विकेट गंवाने के बाद खालिद अहमदजई और फैसल शिनोजादा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 152 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम के लिए बड़े स्कोर की नींव रखी। 35वें ओवर में बयांडा मजोला ने खालिद अहमदजई को आउट कर पवेलियन भेज दिया। खालिद अहमदजई ने 101 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रन बनाये।

अगले ही ओवर में कॉर्न बोथा ने फैसल शिनोजादा को अपना शिकार बना लिया। फैसल शिनोजादा ने 96 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली।

श्रीलंका के विरन चामुदिथा अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर करने वाले खिलाड़ी बने

विंडहोक, 17 जनवरी। आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्वकप में शनिवार को श्रीलंका के विरन चामुदिथा ने 192 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलकर टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गये है। आज यहां चामुदिथा अंडर-19 विश्वकप 2026 के अपने पहले मैच में जापान के खिलाफ 192 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपने हमवतन हसिथ बोयागोडा के 2018 टूर्नामेंट में केन्या के खिलाफ 191 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा, इससे पहले उन्हें टिमोथी मूर ने आउट किया था। उन्होंने अपनी पारी में 26 चौके और एक छक्का लगाया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार चामुदिथा ने एक और ऐतिहासिक कारनामा किया है। उन्होंने दीमंथा महाविथान के साथ 328 रन की ओपनिंग साझेदारी की जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इस बड़ी ओपनिंग साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में जापान की अंडर-19 को जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य दिया।

पुरुष 75 वर्ग : अशोक जिंदल और धवल पटेल अगले राउंड में

जयपुर, 17 जनवरी। 17 से 21 जनवरी तक जय क्लब जयपुर में आयोजित ओ.एन. दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मेंस 75 वर्ग में अशोक जिंदल ने सुरेश बजोरिया को कड़े मुकाबले में 6-3, 6-4 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, इस वर्ग के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी धवल पटेल ने भी जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। मेंस 35 वर्ग में मिशाल जाविया ने अनिरुद्ध सिंह को 6-1, 7-5 से हराया। मेंस 40 वर्ग में शैलेन्द्र चौधरी ने जय यादव को 6-1, 6-3 से पराजित किया। रियाज अहमद ने अश्वनी कुमार को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि अंकुर कपूर ने पंकज अहलावत के खिलाफ जीत दर्ज की। मेंस 45 वर्ग में सम्राट भसीन ने जय राम को 6-0, 6-3 से मात दी। मेंस 55 वर्ग में निशाद जयप्रकाश ने राजेंद्र सिंह सिसोदिया को 6-1, 6-2 से हराया। मेंस 60 वर्ग में लक्पा शेरपा ने श्याम शर्मा को 6-0, 6-2 से, भानु प्रताप सिंह ने शुभाष चंद्र शर्मा को 6-1, 6-0 से पराजित किया। वहीं शरद टक ने दिनेश डी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-2, 4-6, (10-6) से हराया। मेंस 65 वर्ग में पोन्नैया जयराम ने राकेश लाल को 6-1, 6-1 से हराया, जबकि गोरेन्स बोयान ने रिछपाल सिंह जाखड़ को 6-0, 6-2 से मात दी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को पारुल पेनासोनिक की ओर से गिफ्ट हैम्पर प्रदान किए गए। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 18 जनवरी को जय क्लब जयपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्घाटन आयकर विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर (अन्वेषण) अवधेश कुमार करेंगे।

क्वार्टरफाइनल में लक्ष्य सेन की हार, भारतीय चुनौती समाप्त

नई दिल्ली, 17 जनवरी। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के लिन चुन-यी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक क्षणों में पिछड़ते हुए तीन गेम के मुकाबले में हार गए। इसके साथ ही शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित योनैक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। यह टूर्नामेंट बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड सुपर 750 इवेंट है।

लक्ष्य सेन ने मुकाबले का पहला गेम जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन इसके बाद तेज हवा वाले कोर्ट साइड पर तालमेल बिठाने में दिक्कत झेलनी पड़ी और वे पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में 17-21, 21-13, 21-18 से मुकाबला हार गए। मैच के बाद लक्ष्य सेन ने कहा, यह बेहद करीबी मुकाबला था। तीसरा गेम दबाव भरा था। आज परिस्थितियों के हिसाब से वह बेहतर खेले। आज हवा का असर ज्यादा था, जिसके लिए मैं तैयार नहीं था। कल इतनी हवा नहीं थी और उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार बेहतर ढंग से खुद को ढाल लिया। उन्होंने कहा, नेट के पास मैं शटल उठाने में थोड़ा डगमगा गया और फ्रंट कोर्ट में मुझसे कई गलतियां हुईं। क्वार्टर फाइनल से पहले आमने-सामने के रिकॉर्ड में लक्ष्य सेन लिन के खिलाफ 0-4 से पीछे थे और यह साफ था कि तेज़ रफ्तार बाएं हाथ के खिलाड़ी के खिलाफ उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

पहले गेम में लक्ष्य की रणनीति लिन को नेट के पास खेलने पर मजबूर करने की थी, क्योंकि ताइपे का खिलाड़ी तेज साइड से खेल रहा था। यह रणनीति कारगर साबित हुई और मध्यांतर के बाद लक्ष्य ने तेजी से अंक बटोरते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। हालांकि, कोर्ट बदलने के बाद लक्ष्य की लिफ्ट्स लंबी जाने लगीं, जिसका लिन ने भरपूर फायदा उठाया। छोटी लिफ्ट्स पर आक्रामक खेल दिखाते हुए लिन ने दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

तीसरे और अंतिम गेम में लक्ष्य ने शुरुआती चार अंक जीतकर मजबूत शुरुआत की, लेकिन इसके बाद लिन ने खेल की रफ्तार धीमी कर दी और नेट पर दबदबा बनाते हुए स्कोर को बराबरी पर बनाए रखा। कोर्ट बदलने के बाद लिन ने लगातार छह अंक जीतकर 18-15 की बढ़त बना ली। इसका बाद लक्ष्य सेन ने जुझारूपन दिखाते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर लिया, लेकिन इसके बाद लिन ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए मुकाबले को अपने नाम कर लिया। यह मैच कुल 1 घंटा 8 मिनट तक चला।

विद्युत निगमो की एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

1000 मीटर रेस में पुरुषों में पवन, महिलाओं में ज्योति और 4000 मीटर रेस में आनंद प्रथम

जयपुर, 17 जनवरी। आज संपन्न हुई दौड़ प्रतियोगिता में पुरुषों की 1000 मीटर दौड़ में पवन शर्मा सहायक निदेशक जनसंपर्क राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने प्रथम स्थान, विनोद कुमार, तक्नीशियन जयपुर विद्युत वितरण निगम ने द्वितीय स्थान और अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिलाओं की 1000 मीटर दौड़ में ज्योति वर्मा सहायक कार्मिक अधिकारी राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने प्रथम स्थान, विनोद लांबा, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने द्वितीय स्थान और अंजली चौधरी कनिष्ठ अभियंता विद्युत उत्पादन निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुषों की 4000 मीटर दौड़ में आनंद सिंह, तक्नीशियन जयपुर विद्युत वितरण निगम ने प्रथम स्थान और राजेश कुमार शर्मा अधिशासी अभियंता सिविल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने द्वितीय स्थान और महेंद्र कुमावत, कनिष्ठ लेखाकार राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वार्षिक खेलकूद के अंतर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराने के लिए मोहम्मद नासिर, उपनिदेशक कार्मिक राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम, शिप्रा अग्रवाल कार्मिक अधिकारी और जगदीश मीणा कार्मिक अधिकारी प्रसारण निगम उपस्थित रहे। मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ गुप्ता ने बताया कि आज की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्युत निगमों के महिला एवं पुरुष धावकों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों को विद्युत भवन में गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के दौरान पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

विजेंद्र सिंह एशियन मुक्केबाजी परिषद के सदस्य नियुक्त

नई दिल्ली, 17 जनवरी। भारतीय बॉक्सिंग आइकन विजेंदर सिंह को एशियन मुक्केबाजी परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। विजेंदर, मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता हैं, और उनके पास एमेच्योर और पेशेवर बॉक्सिंग दोनों में खेल के उच्चतम स्तर पर लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियन बॉक्सिंग काउंसिल में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एशियन मुक्केबाजी परिषद का सदस्य नियुक्त किये जाने पर विजेंदर सिंह ने कहा, मैं एशियन बॉक्सिंग काउंसिल का सदस्य नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से इस भूमिका को निभाऊंगा। जिस तरह हमने बीजिंग में इतिहास रचा था, मैं एशियाई बॉक्सिंग के विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जिसमें भारतीय मुक्केबाजों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडु के अर्द्धशतक, भारत ने बनाये रन 238 रन

बुलावायो, 17 जनवरी। वैभव सूर्यवंशी (72) और अभिज्ञान कुंडु (80) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के वर्षा प्रभावित मुकाबले में बंगलादेश के खिलाफ 238 रन बनाये। बंगलादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 53 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। कप्तान आयुष म्हात्रे (छह), वेदांत त्रिवेदी (शून्य) को अल फहद ने तीसरे ओवर में आउट किया। विहान मल्होत्रा (सात) को 10वें ओवर में अजीज़ुल हकीम ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अभिज्ञान कुंडु ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 27वें ओवर में इकबाल हुसैन इमोन ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर भारत को चौथा झटका दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 67 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की आतिशी पारी खेली। हरवंश पंगालिया (दो) और कनिष्क चौहान (28) रन बनाकर आउट हुये। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय भारत ने 39 ओवर में छह विकेट पर 192 रन बना लिये है। बारिश के बाद फिर से खेल शुरु होने पर 40वें ओवर में शेख परवेज जिबोन अमब्रिश (पांच) को आउट किया। भारत का आठवां विकेट खिलन पटेल (आठ) के रूप में 45वें ओवर में गिरा। इस दौरान अभिज्ञान कुंडु एक छोर थामे रन बनाते रहे, उन्हें 47वें ओवर में अल फहद ने आउट किया।अभिज्ञान कुंडु ने 112 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर अल फहद ने दीपेश देवेंद्रन छह गेंदों में 11 रन को आउटकर भारतीय पारी को 238 के स्कोर रोक दिया। बंगलादेश के लिए अल फहद ने पांच विकेट लिये। इकबाल हुसैन इमोन और अजीज़ुल हकीम ने दो-दो विकेट लिये। शेख परवेज जिबोन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

अलीशा विक्टर ने लगाया शतक, खिलाड़ियों में भारी जोश व उत्साह

निवाई, 17 जनवरी। वनस्थली विद्यापीठ में संचालित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता खिलाडियों में भारी जोश व उत्साहबना हुआ है। विद्यापीठ के कोच उर्वेश शर्मा व प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में पाँचवें दिन शाकुंतलम मैदान में पहला मैच गोवा यूनिवर्सिटी गोवा व राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के मध्य खेला गया। गोवा यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। राजस्थान विश्वविद्यालय ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 147 रन बनाए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा विश्वविद्यालय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 122 रन ही बना सकी। राजस्थान विश्वविद्यालय ने यह मैच 25 रन से जीता। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दूसरा मैच यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई व यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा के मध्य खेला गया। कोटा विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 68 रन बनाए। मुंबई यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई ने यह टारगेट 9.2 ओवर में 2 विकेट पर 70 रन बनाकर पूरा कर लिया। यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई 8 विकेट से विजयी रही। इसी प्रकार विदुला मैदान के चार नंबर ठाउंड में राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश व द महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी वडोदरा के मध्य मैच खेला गया। राजा शंकर शाह यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 99 रन बनाए। द महाराज सयाजी राव वडोदरा यूनिवर्सिटी ने 100 रन का टारगेट 17 ओवर में ही पूरा कर विजेता रही। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी बाई मैदान में पहला मैच लक्ष्मी बाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर यूनिवर्सिटी व देवी अहिल्या इंदौर के बीच खेला गया। ग्वालियर ने 3 विकेट खोकर 152 रनों का लक्ष्य इंदौर को दिया। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर 58 रन बनाकर 17.4 ओवर में ही ऑल आउट हो गई। डीएवीवी इंदौर 93 रन से विजेता रही। दूसरा मैच रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व सरदार पटेल यूनिवर्सिटी गुजरात के मध्य हुआ। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर 241 रन बनाए। बदले में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी गुजरात 9 विकेट पर 70 रन ही बना सकी। रानी दुर्गावती 170 रन से विजयी रही। अलीशा विक्टर ने 105 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक पूरा किया। शिवानी धुर्वे ने चार विकेट झटक कर शान